

डॉ. (श्रीमती) अनिल कुमारी मल्होत्रा
Dr. (Mrs.) Anil Kumari Malhotra



पद्म श्री
Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए
Receiving the decoration from the President

डॉ. (श्रीमती) अनिल कुमारी मल्होत्रा

डॉ. (श्रीमती) अनिल कुमारी मल्होत्रा नेहरू होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज की सेवानिवृत्त निदेशक प्रोफेसर हैं। आपने लगभग 40 वर्ष 09 माह की अवधि के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की सेवा की है। आपको राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अंतर्गत दोनों होम्योपैथी महाविद्यालयों की नियमित प्रधानाचार्या बनने का गौरव प्राप्त है। आपको इस कॉलेज का एक छात्र और फिर उसी संस्थान अर्थात नेहरू होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज जो भारत का एक मुफ्त होम्योपैथी संस्थान है, की प्रधानाचार्या और तदन्तर निदेशक प्राध्यापक बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ है।

2. आपका जन्म 15 फरवरी 1951 को हुआ और वर्ष 1969–73 के दौरान आपने नेहरू होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज से डी एच एम एस किया और 18.03.1974 को उसी कॉलेज के साथ एक डेमोंस्ट्रेटर के तौर पर जुड़ गई। अपने सेवाकाल के दौरान आपने बी आर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से एम डी (होम्यो) प्राप्त की तथा पहला स्थान प्राप्त किया। आपने नेहरू होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज में विभिन्न पदों पर कार्य किया यथा डेमांस्ट्रेटर, चिकित्सा अधिकारी (अध्यापन), प्राध्यापक तथा सहायक प्रोफेसर। आपने लगभग 11 वर्ष तक दिल्ली सरकार के दोनों होम्योपैथी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्या के तौर पर कार्य किया है। आप इसी महाविद्यालय में निदेशक प्राध्यापक के तौर पर तैनात रहीं और यहीं से आपने दिसम्बर 2014 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इसके पश्चात, आप दिल्ली सरकार के सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में एक "विशेषज्ञ" के तौर पर कार्य कर रही हैं।

3. आप दिल्ली होम्योपैथी अनुसंधान परिषद की एक सदस्य के तौर पर कार्यरत रही हैं और अगस्त 2012 से जुलाई 2013 तक डॉ. बी. आर. सुर होम्योपैथिक चिकित्सा कॉलेज, अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली तथा नेहरू होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल, नई दिल्ली में दमा, संधिवात, गुर्दे की पथरी, मूत्राशय की पथरी, महिला रोग, छपाकी, जरा चिकित्सा, मनोरोग, जीवन–शैली की विसंगतियां, सफेद दाग एवं बाल रोग पर आयोजित विभिन्न शोध परियोजनाओं का पर्यवेक्षण किया है। आप महिला रोगों यथा फाइबराइड्स पौलिसिस्टिक ओवेरियन डिसॉर्डर आदि पर शोध की परियोजना इंचार्ज भी रही हैं।

4. आपको विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं जिनमें वर्ष 1997 में डॉ. युद्धवीर सिंह पुरस्कार, वर्ष 2003 में बोर्ड ऑफ होम्योपैथी सिस्टम ऑफ मेडिसिन दिल्ली की ओर से "लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार", 25 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा पूर्ण करने पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की ओर से 'कमेंडेशन सर्टिफिकेट' आदि शामिल हैं। आपने वर्ष 2002–2003 में दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली की स्वास्थ्य परिचर्या के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए 'दिल्ली राज्य पुरस्कार' प्राप्त किया। आपने बोर्ड ऑफ होम्योपैथिक सिस्टम ऑफ मेडिसिन, दिल्ली तथा अखिल भारतीय चिकित्सा स्नातक संघ एवं अन्य प्राधिकरणों से विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं।

Dr. (Mrs.) Anil Kumari Malhotra

Dr. (Mrs.) Anil Kumari Malhotra is a retired Director Professor of Nehru Homeopathic Medical College. She served the Govt. of NCT of Delhi for a period of about 40 years and 9 months. She had the distinction to become a regular Principal of both the Homeopathic Colleges under Govt. of NCT of Delhi. She also achieved a landmark of being a student and then becoming a Principal and Director Professor of the same institution i.e. Nehru Homeopathic Medical College, a prime Govt. Homeopathic Institution in India.

2. Born on February 15, 1951 Dr. Malhotra did her DHMS from Nehru Homeopathic Medical College during 1969-73 and joined the same college as a Demonstrator on 18.03.1974. While in service, she did her MD (Homeo) from B.R. Ambedkar University, Agra and secured the first position. She had served Nehru Homeopathic Medical College in various positions such as Demonstrator, Medical Officer (Teaching), Lecturer and Asst. Professor. She served as Principals of both the Homeopathic Colleges of Delhi Govt. for about 11 years. Thereafter, she was posted as Director Professor in the same college, from where later she took voluntary retirement in December 2014. Thereafter she is working as an "Expert" by Govt. of India in Safdarjung Hospital, New Delhi.

3. Dr. Malhotra had worked as a member of Delhi Homoeopathic Anusandhan Parishad and supervised various research projects conducted in Dr. B.R. Sur Homoeopathic Medical College, Hospital and Research Centre, New Delhi and Nehru Homoeopathic Medical College and Hospital, New Delhi on Asthma, Arthritis, Renal Stones, Gall Stones, Female Diseases, Psoriasis, Geriatrics, Psychiatry, Life Style Disorders, Vitiligo and Children Diseases from August 2002 to July 2013. She had also been Project in-charge of Research on Female Disorders i.e. fibroids, polycystic ovarian disorders etc.

4. Dr. Malhotra has received many awards incuding Dr. Yudhvir Singh award in 1997 from the Board of Homoeopathic System of Medicine, Delhi; "Life Time Achievement Award" from the Board of Homoeopathic System of Medicine, Delhi in April 2003; 'Commendation Certificate' from Government of NCT of Delhi on completion of 25 years of meritorious service. She received the prestigious "Delhi State Award" for meritorious service to the field of Health Care of Delhi for the year 2002-2003 from the Government of NCT of Delhi. She also received many awards from Board of Homoeopathic System of Medicine, Delhi, All India Medicine Graduate Association and several other authorities.